सिंधी सांस्कृति कार्यक्रम एक मार्च को

अजमेर, (कासं)। राजस्थान सिन्धी अकादमी जयपुर एवं सिंधु साहित्य एवं कल्चरल सोसाइटी अजमेर के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 1 मार्च को अजमेर के सूचना केंद्र के सभागर में सिन्धी भाषा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कल्चरल सोसाइटी अजमेर सोसायटी की श्वेता शर्मा और एमटी वाधवानी व पूज्य सिन्धी पंचायत अजमेर के रमेश लालवानी ने बताया कि 1 मार्च को सूचना केंद्र में सिंध ीसांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन होगा। सिंधु साहित्य और कल्चरल सोसाइटी अजमेर के सदस्यों द्वारा नरेश रंगानी लिखित और सुंदर मटाई द्वारा निर्देशित नाटक खीसे में नाहे नाणों जाल करे थी माणो का मंचन किया जाएगा। कार्यक्रम में संत कंवराराम स्कूल एवं स्वामी सर्वानंद विद्यालय के छात्रों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी, संस्था सदस्यों द्वारा सिंधी गानों की प्रस्तुति दी जाएगी।

युवक युवती परिचय सम्मेलन 9 को

अजमेर, (कासं)। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महा सम्मेलन अजमेर जिला इकाई की और से गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी होली के पावन अवसर पर श्री रसिक रंग महोत्सव फाग महोत्सव का आयोजन 9 मार्च रविवार को शाम 5 बजे से विद्या सागर तपोवन, छतरी योजना, वैशाली नगर अजमेर में आयोजित किया जायेगा।

अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महा सम्मेलन संस्था के जिला महामन्त्री उमेश गर्ग ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं व्यवस्थाओं के वितरण संबंधी अति आवश्यक बैठक संस्था जिलाध्यक्ष रमेशचंद तापड़िया की अध्यक्षता में होटल के सी इन, जयपुर रोड में आयोजित की गई। महामन्त्री उमेश गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त 130 देशों में अपनी प्रस्तुति देने के बाद पहली बार राजस्थान में अजमेर आ रहे बुलंद शहर के अगम अग्रवाल तथा एलन केरियर इंस्टिट्यूट कोटा के श्री गोविंद माहेश्वरी अपनी मधुर वाणी में भजनों व फाग गीतों की प्रस्तुति देंगे त कार्यक्रम में महिला समिति द्वारा घूँघट थीम पर नृत्य प्रस्तुति भी दी जायेगी बैठक में रसिक रंग महोत्सव कार्यक्रम की कार्ययोजना पर विचार विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिये गये तथा नवसंवत्सर पर आयोजित मेले में संस्था की और से झांकी प्रस्तुत करने, महावीर जयंती के अवसर पर जैन समाज द्वारा निकाली जाने वाली शोभा यात्रा का वैश्य समाज द्वारा केसर तिलक लगाकर व दुपट्टा पहनाकर स्वागत करने तथा वैश्य समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया। फाग महोत्सव में कालीचरण दास खंडेलवाल, ओमप्रकाश मंगल, रमाकांत बाल्दी, डॉ राजेंद्र गोखरू व मंजूला देवी बाड़मेरी विशिष्ट अतिथि होंगे।

बिजयनगर ब्लैकमेल कांड के विरोध में मसूदा बंद आज

मसूदा । बिजयनगर ब्लैक मेल कांड के विरोध में मसूदा आज बंद रहेगा । विजयनगर में नाबालिक स्कूली छात्रों को जाल में फंसा कर शारीरिक शोषण करने ब्लैकमेल करने और धर्मांतरण का दबाव बनाने के मामले में सर्व समाज के आ ान पर मंगलवार को मसूदा कस्बा पूर्णतया बंद रहेगा । बंद को सर्व समाज एवं संगठनों व्यापारिक प्रतिष्ठानों का समर्थनस्वैच्छिक रूप से व्यापारी बंद रखेंगे अपना प्रतिष्ठानलैकमेल कांड के विरोध में सर्व समाज की ओर से मसूदा के मुख्य मार्ग में निकाली जाएगी विशाल आक्रोश रैली कस्बे के विभिन्न मार्गो से होकर रैली पहुंचेगी उपखंड कार्यालय जहां पर ब्लैकमेल कांड की दोषियों को सख्त सजा की मांग को लेकर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे। सर्व समाज द्वारा जानकारी दी गई।

पांडरवाड़ा में युवती की हत्या कर फरारी काट रहा आरोपी गिरफ्तार

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। बोराडा थाना अंतर्गत ठाम पांडरवाडा में पांच दिन पहले युवती की नृशंग हत्या कर फरारी काट रहे पड़ोसी प्रेमी को धरदबोचा। युवती से एक तरफा प्यार का भृम ही मौत का कारण बन गया, जबकि युवती का युवक से कोई लगाव नहीं था, यहां तक बातचीत भी बंद थी। पुलिस की गिरप्त में आया कातिल गांव पांडरवाड़ा निवासी चेतन (31) पुत्र रामनारायण बलाई है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार ने सनसनी खेज हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया की विगत 19 फरवरी को गांव पांडरवाडा (बोराडा) किशनगढ़ निवासी छोटूलाल बैरवा की 20 वर्षीय पुत्री रोशन घर से खेत की रखवाली करने के लिये रवाना हुई थी। बिच रास्ते में दोपहर के समय मौत

■ एक तरफा प्यार मौत का कारण बन गया, युवती का इससे कोई लगाव नहीं था

बनकर खडा अज्ञात बदमाश झाड़ियों में युवती का धारदार हथियार से गला रेतकर फरार हो गया। रक्त रंजित शव मिलने पर पुलिस ने कातिल को गिरप्तार करने के लिये पुरी ताकत झोंक दी। जिले की साठ पुलिस अधिकारियो के साथ कांस्टेबल व साइबर सैल, डीएसटी, एफएसएल टीम ने एक साथ मिलकर ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझाने के लिये साक्ष्य जुटाकर संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हित कर लिया। इस दौरान चेतन बलाई पुरी तरह शक के दायरे में आ गया। पुलिस टीम ने इसे पकडकर हवालात में डाल दिया। शुरूआती दौर में पूंछताछ के दौरान अपने आपको बेगुनाह बताकर गुमराह करता रहा, किंतु कड़ी पूंछताछ के बाद इसने हत्याकांड में संलिप्तता स्वीकार करते हुए कहा में रोशन से प्यार किया करता था, उसने बोलचाल बंद कर दी, मैंने समझा यह किसी अन्य व्यक्ति से प्यार करती है, इसी भ्रम के चलते मैंने हत्या करने का फैसला कर लिया और इसके लिये 19 फरवरी का दिन निश्चित कर रैकी करने के बाद रोशन की गला रेतकर कत्ल कर दिया। पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार व आईपीएस अभिषेक के सुपरविजन में गठित टीम में बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी व कॉस्टेबल शामिल रहे।

दिव्यांगजनों के लिए रोजगार मेला आज

अजमेर, । राजस्थान महिला कल्याण मण्डल एवं विश्व युवक केन्द्र, नई दिल्ली एवं विभा द्वारा दिव्यांगजनों के लिए तीसरा विशल रोजगार मेले का आयोजन 25 फरवरी 2025 को अद्वैत सेंटर, पंचशील नगर अजमेर में किया जा रहा है। इस रोजगार मेले का उद्देश्य दिव्यांगजनों को स्वरोजगार और निजी क्षेत्र में रोजगार के बेहतरीन अवसर प्रदान करना तथा विशय-विशेषज्ञो द्वारा केरियर कांउन्सलिग एवं सरकारी योजनाओ की जानकारी देना है। इस मेले में राजस्थान भर से 400 से अधिक दिव्यांग प्रतिभागी हिस्सा लेंगे, जिन्हें विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों और संस्थानों के साथ रोजगार के अवसर मिलेंगे। मेले में होटल, हॉस्पिटल, आईटी कंपनियां, स्कूल, कोचिंग सेंटर, ऑटो मोबाइल, रिज़ार्ट और रेस्टोरेंट, समेत 100 से अधिक प्रतिष्ठित नियोक्ता भाग ले रहे हैं। संस्था का यह प्रयास दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

नाम परिवर्तन

मेरे आर्मी नं. 15173811P रैंक HAV (DS) नाम- SHESH RAM YADAV है। यह कि मेरे पुत्र का नाम मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में AYUSH KUMAR दर्ज है जो कि गलत है। जबकि भविष्य में मेरे पुत्र को सही व वास्तविक नाम AYUSH KUMAR YADAV से जाना जाये ।

NAME CHANGE

I, Maloti Saha Mother of Army No. JC-731690H, SUB (H/LT), Mrinal Kanti Saha, Residing Vill-Mahishbathan, Po-Rahamatpur, Teh-Tehatta, Distt-Nadia, W.B, 741165 have change my Name from Maloti Saha to Malati Saha vide Affidavit No. BW753834 Dt 23/02/2025 before Court campus Nasirabad

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

लोक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जितेंद्र सिंह पुत्र योगेंद्र सिंह ग्राम घूघरा, तहसील अजमेर के वर्किंग खसरा नंबर 886 भूखंड संख्या-11 में क्षेत्रफल 247.50 वर्गगज के भूखंड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के सम्बन्ध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के सम्बन्ध में आपति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन की कार्यवाही कर दी जायेगी।

(उपायुक्त उत्तर)
अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/121593 DATE :-19-02-2025

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2024-25/12371 दिनांक: 24-02-25

सार्वजनिक सूचना

श्री गिरिश कुमार उदासी पुत्र श्री पवन कुमार उर्फ पम्मनदास उदासी निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 3 कोट गली विचलडी मौहल्ला मकान नं. 30 का भाग प्रा नं. 10 क्षेत्रफल 81.72 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री मगना पुत्र श्री मूलाजी के नाम दर्ज है। रजि बेचान-नामा दिनांक 09.03.2013 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अत: इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

आयुक्त, नगर परिषद, ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/121591 DATE :-19-02-2025

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2024-25/12372 दिनांक: 24-02-25

सार्वजनिक सूचना

श्री सुन्दरदास पुत्र श्री नारायण दास व श्रीमती हीना झांग्यानी पत्नी श्री भगवानदास निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 6 लाल सहाब मन्दिर मार्ग कासाबान मौहल्ला मकान नं. 17 क्षेत्रफल 130.00 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री नारायण दास पुत्र श्री सेउमल मरचुमल पुत्र श्री चतरमल व श्रीमती सामी बाई पत्नी श्री चतरूमल के नाम दर्ज है। रजि हक-परित्याग दिनांक 29.09.2023, 05.02.2025 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अत: इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

आयुक्त, नगर परिषद, ब्यावर

संत शिरोमणि यज्ञ सम्राट महंत बाबा बालकदास को दी अंतिम विदाई

सरवाड़, (निसं)। सरवाड़ निकटवर्ती ठाम फतेहगढ़ के समीपवर्ती बालाजी पशुपातिनाथ धाम (कालाबड़) के महंत बाबा बालकदास महाराज (उम्र 86) वर्ष रविवार को ब्रह्मलीन हो गए थे वही सोमवार को बाबा की बैकुंठ यात्रा मंदिर परिसर से रवाना हुई जो मंदिर के मोक्षधाम पहुंची वे अजमेर के एक निजी चिकित्सालय में उपचाररत में थे वहीं रविवार के दिन शाम 4 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली बाबा बालकदास महाराज अपने जीवन

■ हजारों लोग उमड़े दर्शन के लिए

में अब तक 75 यज्ञ करा चुके हैं वहीं कई मंदिरों का निर्माण भी कराया जहां पर भी यज्ञ कराया बाबा ने मंदिर की स्थापना भी की बाबा बालकदास महाराज ने धर्म की ज्योत भी जगाई जिसके चलते हैं हजारों शिष्य उनकी बैकुंठ यात्रा में शामिल रहे बाबा बालकदास महाराज को मंत्र उच्चारणों के साथ भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी उनके शव यात्रा में हजारों की संख्या में लोगों ने नम आंखों से विदाई दी गई वहीं संत शिरोमणि यज्ञ सम्राट महंत बाबा बालकदास महाराज को अपने घोड़े से अति प्यार था जब भी वे पुष्कर मेले में जाते थे तो पूरे भारत और विदेशों से घोड़े के शौकीन देखने के लिए आते थे महंत बाबा बालकदास महाराज के अंतिम दर्शन के लिए क्षेत्रीय विधायक शत्रुघ्न गौतम व पूर्व चिकित्सा मंत्री रघु शर्मा पूर्व मसूदा विधायक राकेश पारीक शामिल हुए।

कोषाध्यक्ष गिरी का अभिनंदन

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। अयोध्या धाम श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरी के किशनगढ़ पहुंचने पर मातेश्वरी ठाुप परिवार की और से स्वागत अभिनंदन कर आशीर्वाद लिया। किशनगढ़ एयरपोर्ट से अजमेर रोड़ स्थित मातेश्वरी फार्म हाउस पहुंचे कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी का श्रद्धापूर्वक परम्परा गत से परिवार ने अभिनन्दन कर आशीर्वाद लिया। अल्पआहार लेने बाद कोषाध्यक्ष गिरी जायल स्थित दधिमती माता मंदिर के लिए रवाना हो गये।

अजमेर सिंधी ग्रुप झूलेलाल प्रीमियर लीग

अजमेर, (कासं)। चंदवरदाई ग्राउंड चली रही झूलेलाल प्रीमियर लीग अजमेर टूर्नामेंट के सोमवार को दो मैच खेले गए। संयोजक नितिन मंगतानी ने बताया कि पहला मैच सिंध लायंस व बजरंग क्लब के मध्य सुबह 8 बजे खेला गयाए सिंध लायंस द्वारा टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर्स में 10 विकेट खोकर मात्र 105 रन्स बनाए गए, सिंध लायंस की और से सबसे ज्यादा रन गिरीश ने 41 रन बनायेए बजरंग क्लब की और से हर्षद अग्नानी द्वारा 4 ओवर में 25 रन देकर 3 विकेट लिये गये।

जिसका पीछा करते हुए बजरंग क्लब यह छोटा टारगेट बाई चेस नहीं कर पायी और 100 रन्स पर ऑल आउट हो गई। बजरंग क्लब की और से जय द्वारा 33 रन बनाए गए, सिंध लायंस की और से योगी दरयानी द्वारा द्वारा 3.1 ओवर में 14 देकर 3 विकेट लिए। योगेश दरयानी को अपने बेहतर प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार दिया गया, हर्षद अग्नानी को मैच का फाइटर ऑफ़ द मैच चुना गया। संयोजक मोहन मूलचंदानी द्वारा बताया गया कि टूर्नामेंट का दूसरा मैच जेएम डी क्लब व सिंधी स्ट्राइकर्स के मध्य सुबह 11 बजे खेला गया, सिंधी स्ट्राइकर्स द्वारा टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया गया। सिंधी स्ट्राइकर्स 113 रन पर ऑल आउट हो गई । जेएमडी क्लब की और से भरत मनवानी द्वारा 3ण्5 ओवर्स में 11 रन देकर 4 विकेट लिए गएए सिंधी स्ट्राइकर्स की और से योगी द्वारा 35 रन का योगदान दिया गया । लक्ष्य का पीछा करते हुए जेएमडी क्लब द्वारा 6 विकेट खोकर यह जीत दर्ज की गई। कालू द्वारा 44 की पारी खेली गई और सिंधी स्ट्राइकर्स की और से दीपक रामवाणी ने 2 विकेट झटके गए। भरत मनवानी को अपने बेहतर प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार दिया गया, योगी खत्री को फाइटर ऑफ़ द मैच का अवॉर्ड दिया गया।

झरनेश्वर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि पर होंगे धार्मिक

अजमेर, (कासं)। इंद्रकोट पहाडी पर स्थित झरनेश्वर महादेव मंदिर पर 26 फरवरी महाशिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर सोमवार से धार्मिक आयोजन शुरू हुए। सेवादारी दल के अशोक सिंघल के नेतृत्व में रोट के प्रसाद की तैयारियों के लिए सेवादारियो ने सेवाएं दी और भंडारे का आयोजन भी किया गया।

झरनेश्वर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि पर्व से पूर्व सोमवार को रोट के प्रसाद बनाने की तैयारियों के लिए सेवादारी दल के लिए लंगर प्रसादी का आयोजन किया गया। झरनेश्वर महादेव मन्दिर की सजवाट एवं विशाल क्षेत्र के रंग रोगन का कार्य किया जा चुका है। पण्डित महावीर प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में 26 फरवरी को महाआरती का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि झरनेश्वर महादेव सेवा समिति द्वारा 25 फरवरी को भजन संध्या का आयोजन, 26 फरवरी को भक्तो द्वारा शिव अभिषेक और श्रद्धालुओ के लिए लंगर प्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

आक्रोश रैली निकालकर उपखण्ड कार्यालय पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

सरवाड़, (निसं)। बिजयनगर ब्लैकमेल कांड के विरोध में सकल हिन्दू समाज के आ ान पर सोमवार को दोपहर तक सरवाड़ शहर बंद रहा वहीं बंद को पूरा समर्थन मिला दोपहर में ज्ञापन सौंपने के बाद बाजार को खोला गया वहीं सुबह से ही शहर के विभिन्न व्यापार मंडलों ने स्वैच्छिक बंद रखा सुबह नौ बजे से पथवारी माता मंदिर परिसर पर बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के लोग इकट्ठा हुए वहीं बाद में आक्रोश रैली निकाली गई जो बस स्टैंड से चमन चौराहा लिंग रोड अंबेडकर सर्किल से होते हुए उपखंड कार्यालय पहुंचे जहां पर हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष भागचंन्द चांपा व मंत्री अजय पारीक के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार बंटीं राजपूत को राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन में बताया बिजयनगर की घटना इंसानियत को शर्मसार करने वाली है नाबालिग बालिकाओं के साथ सोची समझी साजिश के तहत दुष्कर्म किया गया तथा उन्हें ब्लैकमेल कर अन्य बालिकाओं को शिकार बनाया गया ऐसी घटनाएं हिन्दू समाज के लिए असहनीय है दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो ज्ञापन सौंपने के बाद शहर के बाजार खुल गए इस दौरान पुलिस जाप्ता तैनात किया गया वहीं इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

उदयराम शिक्षण संस्थान के छात्रों ने बढ़ाया पुष्कर का मान

पुष्कर, (निसं)। पुष्कर के देवनगर रोड स्थित उदय राम मैमोरियल शिक्षण संस्थान के छात्रों ने अजमेर में चल रही जिला एथलेटिक टूनामेंट जो कि अजमेर पटेल स्टेडियम में आयोजित हो रहे है।

कल आयोजित कार्यक्रम में 80 मीटर रेस में उदयराम मेमोरियल शिक्षण संस्थान के कक्षा 8 के छात्र रणवीर सिंह ने गोल्ड मैडल जीता, साथ ही 100 मीटर रेस में विद्यालय के कक्षा 9 की छात्रा गुंजन नाथ द्वारा रनिंग कांस्य पुरस्कार लॉन्ग जंप में कक्षा 5 के छात्र आयुष कुमार वैष्णव ने कांस्य पुरस्कार प्राप्त किया। जिला एथलेटिक संघ अध्यक्ष शारदा जादम,सचिव जय सिंह यादव ने मैडम देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर विद्यालय के खेल प्रशिक्षक प्रवीण भटनागर भी मौजूद रहे। विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती निर्मल चौधरी ने छात्रों का उत्साहवर्धन कर मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।

बालिकाओं के यौन शोषण के खिलाफ पूरे राजस्थान में जिला स्तर सौंपे ज्ञापन

अजमेर । राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने नाबालिंग बालिकाओं के यौन शोषण के खिलाफ पूरे राजस्थान में जिला स्तर पर सोमवार को मुख्य मंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय अजमेर ने भी सोमवार को प्रदेश सचिव भंवर सिंह राठौड़ एवं जिला अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा के सानिध्य में शिक्षक संघ राष्ट्रीय की महिला पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर अजमेर लोक बंधु को दिया ज्ञापन सौपा गया।

ज्ञापन जिला महिला उपाध्यक्ष राजेश सत्यवाना, महिला संगठन मंत्री रेखा बघेल के निर्देशन में सोपा गया, जिसमें उन्होंने मांग कि है की ब्यावर जिले के विजयनगर में कुछ लोगों द्वारा स्कूली छात्राओं के साथ यौन शोषण किया गया तथा धर्मांतरण का अत्यंत शर्मनाक प्रयास किया गया। नाबालिक छात्राओं पर जो यौन शोषण की घटना घटी है वह कुत्सित मानसिकता से ग्रस्त है और उनका जिस प्रकार से योजना

■ जिसमें उन्होंने मांग कि है की ब्यावर जिले के विजयनगर में कुछ लोगों द्वारा स्कूली छात्राओं के साथ यौन शोषण किया गया तथा धर्मांतरण का अत्यंत शर्मनाक प्रयास किया गया

बद्ध तरीके से सामूहिक यौन शोषण हुआ और ब्लैकमेल किया जा रहा है इसके लिए शिक्षक संघ राष्ट्रीय इस दुखद घटना की घोर निंदा करता है। फास्ट ट्रैक न्यायालय में शीघ्र कानूनी प्रक्रिया पूर्ण कर सभी आरोपियो पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग करता है। साथ ही उन्होंने यह कहा कि यह घटना से ऐसा लगता है कि संगठित परिपूर्ण कुत्सित मानसिकता से प्रेरित व्यवस्थित व्यवस्थित गिरोह की योजना है अत: न्यायालय को संज्ञान लेते हुए शीघ्र न्याय सुनिश्चित करना चाहिए और इस तरह की घटनाओं में जिस प्रकार की महिला विरोधी मानसिकता काम कर रही है, उसका हर स्तर पर प्रतिकार हो नाबालिंग बालिकाओं का जीवन बर्बाद करने के ऐसे प्रयासों की पुनरावृत्ति नहीं हो इसलिए प्रशासन के साथ समाज, परिवारों को भी सजग रहना होगा।

इस अवसर पर ज्ञापन देने प्रदेश सदस्य रामकंवर विजवर्गीय, उप शाखा महिला मंत्री मनीष घारू, वंदना मिश्रा, राजबाला, मुकेश कुमारी चौधरी, सुमन कंवर शेखावत, विभा माथुर, जय श्री शर्मा, अंजू यादव, निभा शर्मा, विनोद जैन मंजू चौधरी, रोहिणी सोलंकिया, भगवती वर्मा, हर्ष पवार, हेमलता चौहान, लक्ष्मी वर्मा ,संजू, मंजू शर्मा ,नीलम मीना, लक्ष्मी मेघानी मीनू शर्मा, हेमा रानी, मनु पवार, ललिता बिश्नोई, आशा, जिला मंत्री धर्मेंद्र सिंह नरूका, भगवान सिंह गौड़, भरत सिंह पंवार, सूर्य कांत त्रिपाठी,भरत सहित अनेक महिला शिक्षिकाओं ने विरोध जताया और कड़ी कार्यवाही की मांग की।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामे के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की चन्द्रवरदाई योजना के आवासीय/व्यवसायिक भूखण्ड संख्या B-279 क्षेत्रफल 136.11 वर्ग गज आवंटी/अन्तरिति तारा देवी पत्नि भगवान सिंह रावत निवासी बी-279 चन्द्रवरदाई अजमेर की मृत्यु दिनांक 7/5/2021 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा (पंजीकृत/दिनांक 2/11/2016 संलग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामे के आधार पर नामान्तरण हेतु दीपक सिंह रावत पुत्र भगवान सिंह रावत निवासी एस-2,77 अशोक विहार जगतपुरा जयपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराबे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राज.

क्रमांक: न.प.कि./PWC/BPAS-2304/2025/246 दिनांक: 24/02/25

आम सूचना

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि श्रीमती प्रियंका दाधीच पुत्र श्री शान्तिलाल राजस्व ग्राम मदनगंज, खसरा संख्या 766, 771 के भूखण्ड सं. 48 क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज 'शिवलोक कॉलोनी' मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर राजस्थान पर आवासीय निर्माण स्वीकृति चाहने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व में : भूखण्ड संख्या 47 पश्चिम में : भूखण्ड संख्या 49
उत्तर में : भूखण्ड संख्या 55 दक्षिण में : 30 फीट चौडा रास्ता

अत: उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति/एतराज हो तो आपत्ति सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर नगर परिषद कार्यालय में लिखित में आपत्ति पेश करे बाद मियाद किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी। -प्रभारी (भवन निर्माण स्वीकृति) नगर परिषद, किशनगढ़

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक: न.प.कि/कृषि भूमि नियमन/2025/729 दिनांक-21-2-25

आम सूचना

सर्व साधारण को जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में निम्न भूखण्ड का वितरण राजस्व ग्राम मदनगंज केसरा न. 414/1 (पुराना) 923/414 (नया) में से भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 750.74 वर्गगज भूमि का वाणिज्यिक पट्टा चाहने हेतु कृषि भूमि नियमन प्रकरण विचाराधीन है। अत: निम्न खसरा नंबर के भूखंड नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपतियां/कारण/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें।

क्रसं.	प्रार्थी का नाम	राजस्व ग्राम का नाम एवं खसरा नं.	क्षेत्रफल/रकबा भूखण्ड संख्या	प्रस्तावित कृषि भूमि नियमन
1.	उमराव सिंह चौधरी पुत्र स्व0 श्री मांगीलाल चौधरी निवासी विनायक बिला सरदार की ढाणी रोड मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर (राज.) एवं हीरासिंह चौधरी पुत्र स्व श्री मांगीलाल चौधरी निवासी रूपनगढ़ रोड तेजाजी चौक मदनगंज- किशनगढ़ जिला अजमेर राज0	मदनगंज 414/1 (पुराना) 923/414 (नया)	भूखण्ड का क्षेत्रफल 750.74 वर्गगज	वणिज्यिक

आयुक्त नगर परिषद किशगनढ

'राष्ट्र भाव का हो जागरण'

मेड़ता सिटी, (निसं)। पारीक संस्कृत महाविद्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मेड़ता नगर का घोष वार्षिकोत्सव 'स्वर नाद' अद्भुत रचनाओं के साथ सम्पन्न हुआ। घोष के वादकों द्वारा शंख, वेणु, आणक आदि वाद्यों से विभिन्न रचनाओं श्री राम, उदय, चेतक, मेवाड़, गायत्री, किरण, सोनभद्र, भूप, शिवरंजनी, श्री पाद, कर्नाटकी आदि का वादन करके उपस्थित जन समूह को रोमांचित कर दिया।

वादन करते हुए घोष के वादकों द्वारा बनायी गयी विभिन्न प्रकार की मांगलिक आकृतियों जैसे- स्वस्तिक, धनुष आदि का आकर्षण ने लोगों को टकटकी लगा कर देखने के लिए विवश कर दिया । प्रत्युत प्रचलनम्, स्वागत की रचनाओं से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। ध्वज प्रणाम, संघ प्रार्थना के बाद घोष के वादकों द्वारा प्रदक्षिणा की गई । घोष प्रदर्शन के बाद नगर कार्यवाह जुगल किशोर द्वारा अतिथियों का परिचय करवाया गया। मंच पर श्याम सुन्दर जी बिड़ला, मेड़ता जिला संघचालक, मुख्य अतिथि नरपत सिंह, सेवा निवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, विशिष्ट अतिथि मांगीलाल बेड़ा, मुख्य वक्ता विजयानन्द ,जोधपुर प्रांत प्रचारक उपस्थित थे । कार्यक्रम

■ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का घोष वार्षिकोत्सव का आयोजन

में अखिल भारतीय शारीरिक शिक्षण प्रमुख जगदीश प्रसाद, सह प्रान्त प्रचारक राजेश कुमार, रामचन्द्र प्रान्त घोष शिक्षण प्रमुख, विभाग प्रचारक गिरधारी लाल मौजूद रहे।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विजयानन्द ने बताया कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद ने सेना में भर्ती होने के बाद संसाधनों के अभाव में अपने खेल का अभ्यास किया और विश्व चैम्पियन बनें। अभ्यास और अटल लक्ष्य द्वारा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनें। संघ की 1925 में स्थापना के एक वर्ष बाद ही घोष के साथ पथ संचलन प्रारम्भ हुआ।

ललित लहरिया द्वारा काव्य गीत परम वैभव राष्ट्र प्रस्तुत किया गया। जिला संघचालक श्याम सुंदर बिड़ला ने आभार व्यक्त किया। जिला घोष प्रमुख हरेंद्र टाक ने घोष का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया नगर कार्यवाह जुगल किशोर अतिथियों का परिचय करवाया।

तेजी से आगे बढ़ाएं अपने
मार्केट
के
रिटर्न को
एलआईसी
इंडेक्स
प्लस
UIN: 512L354V01 | Plan No.: 873
ऑनलाइन भी उपलब्ध
मार्केट रिटर्न के साथ जीवन सुरक्षा का लाभ
एक नॉन - पार, लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, बचत योजना
मात्र ₹2,500/- के मासिक प्रीमियम से शुरूआत कीजिए
दो फ़ंड्स में से चुनिए - निफ्टी 50 (फ्लैक्सी स्मार्ट ग्रोथ फ़ंड) या निफ्टी 100 (फ्लैक्सी ग्रोथ फ़ंड) के चुनिंदा स्टॉक्स में 100% तक निवेश
गारंटीड एडीशन्स के साथ*
* नियम व शर्तें लागू
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
LIC/P1/2024-25/22/Hin
अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या आपके शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें
डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital
विज़िट करें: licindia.in
कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827
हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'
हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512
धोखेधड़